# संवाद पत्र

# पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन

अंक 4 त्रैमासिक अक्टूबर, 2007


## स्वतंत्रता दिवस समारोह

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर निर्माण संगठन के कार्यालय परिसर में एक मनमोहक कार्यक्रम के अंतर्गत महाप्रबंधक/निर्माण द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । उक्त समारोह में संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया । इस अवसर पर श्री जैन ने स्वाधीनता पर प्रकाश डालते हुए इसे नागरिकों के आत्म गौरव, उन्नति और समृद्धि के लिए अनिवार्य ठहराया । उन्होंने विश्व के अनेक देशों के स्वाधीनता संग्रामों का उल्लेख किया ।



राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते महाप्रबंधक/निर्माण श्री ए.के. जैन ।

अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की कार्यशैली में कर्मचारियों की प्रवृति, लगन तथा निष्ठा की प्रशंसा की और यह भी उल्लेख किया कि आतंकवादी गतिविधियों के प्रभाव के बाद भी यह संगठन अपनी प्रगति की ओर अग्रसर है । इसी के बदौलत आज इस संगठन के पास 8 अदद राष्ट्रीय परियोजनायें हैं । यही नहीं, राज्य सरकार भी अपनी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिये इस संगठन की मदद ले चुकी है,जिसमें इस संगठन ने सफलतापूर्वक अपना योगदान दिया है। इस समय इस संगठन के कंधों पर जो परियोजनाओं का दायित्व है उसका यह सफलतापूर्वक निर्वाह अपने कर्मचारियों की मेहनत व लगन से कर सकेगी, उन्होंने ऐसा विश्वास जताया ।

## नये महाप्रबन्धक/निर्माण

श्री ए. के. जैन, महाप्रबंधक/निर्माण की सेवानिवृति के बाद निर्माण संगठन में विलक्षण प्रतिभा के धनी श्री शिव कुमार ने महाप्रबंधक/निर्माण , पू . सी. रेल का कार्यभार 15-10-2007 को ग्रहण किया । आप देश-विदेश में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य व प्रशिक्षण ग्रहण कर चुके हैं । आपको तकनीकी 20 मौलिक पुस्तकों के लेखन का तथा 6 तकनीकी फिल्मों व अन्य भी कई सृजानात्मक कार्यों का श्रेय जाता है।



श्री शिव कुमार

## भंडार नियंत्रक/निर्माण तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण का पदस्थापन



श्री बकरीदन

श्री प्रकाश बरूआ, भंडार नियंत्रक/ निर्माण का स्थानांतरण होने पर श्री बकरीदन ने दिनांक 10-07-2007 को भंडार नियंत्रक/ निर्माण का पदभार ग्रहण किया । इससे पहले वे उत्तर रेल में मुख्य सामग्री प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे । इस के अतिरिक्त श्री बकरीदन ने दिनांक 11-09-2007 से मुख्य राजभाषा अधिकारी/निर्माण का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है ।

## कुमारघाट-अगरतला नई लाइन परियोजना की प्रगति पर बैठक

*माननीय मुख्यमंत्री त्रिपुरा* ने कुमारघाट-अगरतला नई लाइन परियोजना की प्रगति की समीक्षा हेतु *दिनांक 27-08-07 को अगरतला में एक बैठक का आयोजन किया* । उक्त बैठक में पू. सी. रेल निर्माण की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण तथा रेलवे बोर्ड की ओर से कार्यकारी निदेशक/कार्य शामिल हुए। माननीय मुख्यमंत्री को कुमारघाट-अगरतला नई लाइन रेल परियोजना की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया ।



अगरतला में माननीय मुख्यमंत्री के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण ।

## असम सरकार के मुख्य सचिव के साथ बैठक

दिनांक 25-07-2007 को असम सरकार के मुख्य सचिव द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें राज्य सरकार द्वारा लामडिंग-सिलचर गेज परिवर्तन परियोजना के पहाड़ी शाखा के अन्तर्गत संवेदनशील स्थलों पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 4 कम्पनियां तथा 1000 पी एस ओ तैनात करने की पुष्टि की गई । सुरक्षाकर्मियों की तैनाती को कारगर बनाने के लिए उनके आवास का इन्तजाम किया जा रहा है जो अगस्त/सितम्बर, 2007 तक चरणबद्ध तरीके से प्रदान किया जाएगा । इससे कार्यक्षेत्र में आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराई जा सकेगी जो परियोजना के लक्ष्य की ओर अग्रसर होने में मदद करेगी ।

## सद्भावना दिवस



सद्भावना दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण ।

दिनांक 20-08-2007 को पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक/निर्माण कार्यालय परिसर में सद्भावना दिवस मनाया गया, जिसमें संगठन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए ।

## महाप्रबंधक/निर्माण के सचिव की सेवानिवृत्ति

महप्रबंधक/निर्माण के सचिव श्री ई. ए. खान दिनांक 31-08-2007 को सेवानिवृत्त हुए । श्री खान ने दिनांक 01-03-1994 को निर्माण संगठन में महाप्रबन्धक/निर्माण के सचिव के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया था । श्री खान कर्त्तव्यनिष्ट एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे ।

# राष्ट्रीय परियोजनाएँ

*कुमारघाट से अगरतला तक नई बीजी लाइन (109 कि.मी.) - (लक्ष्य- मार्च, 2007)*

कुमारघाट-मानु (20 कि.मी.) शाखा दिनांक 27-12-2002 को चालू हो गया था । 3 ( तीन ) सुरंगों का जटिल कार्य प्रगति पर है । सुरंग संख्या 1 एवं 3 पूर्व से ही पारगामी है। सुरंग संख्या 2 की खुदाई का कार्य प्रगति पर है । माह के दौरान 62 मीटर की प्रगति हुई है ।

*लामडिंग-सिलचर-जिरिबाम, बदरपुर से बराईग्राम तथा बराईग्राम से कुमारघाट (367.79 कि.मी.) तक का गेज परिवर्तन (लक्ष्य- मार्च, 2010)*

पहाड़ी शाखा में उग्रवादियों के कारण कार्य की प्रगति बाधित है जिसके कारण निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकेगा। संशोधित लक्ष्य चिह्नित कार्य स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्धता पर निर्भर होगी। परियोजना क्षेत्र में सक्रिय उग्रवादी संगठनों द्वारा ठेकेदारों को धमकी एवं भयादोहन के रूप में भारी-भरकम राशि की मांग का सामना करना पड़ रहा है ।

*जिरिबाम से तुपुल (इम्फाल) (98 कि.मी.) तक नई बड़ी लाइन (लक्ष्य- मार्च, 2011)*

भाग-II के 26 कि.मी. सेक्शन के प्राक्कलन में से रेलवे बोर्ड द्वारा मात्र 9.9 कि.मी. की स्वीकृति प्राप्त हुई है । शेष प्राक्कलन की स्वीकृति अभी भी प्राप्त की जानी है । कुल 52 कि.मी. के सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है । प्राक्कलन के आंशिक स्वीकृति से खोली गई निविदाएं स्वीकृत कर दी गयी हैं । राज्य सरकार की मांग पर परियोजना को इंफाल तक ले जाने के लिए रेलवे बोर्ड ने रिपोर्ट मांगी है । प्रधानमंत्री कार्यालय में एक बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड ने कहा है परियोजना को पूरा करने के लिए 5 वर्ष लगेंगे । इसके अनुसार लक्ष्य वर्ष मार्च, 2013 हो जाएगा ।

# निर्माण संगठन की उपलब्धियाँ

- दिनांक 15-07-07 से लिए गए मेगा ब्लॉक के दौरान कटिहार-बारसोई ( 39 कि.मी.) सेक्शन का ट्रैक संयोजन कार्य पोर्टल क्रेन द्वारा पूरा कर लिया गया ।
- दिनांक 06-09-2007 को सी आर एस/कोलकाता द्वारा अलीपुरद्वार जंक्शन-बामनहाट सेक्शन का निरीक्षण किया गया । सेक्शन को शुरू करने के लिए सी आर एस की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है ।
- डिटोकछेरा स्टेशन पर (पहाड़ी शाखा पर 14 स्टेशनों में पी आई सामग्री आशोधन कार्य) एम ए सी एल सिगनलिंग कार्य के साथ पी आई कार्य पूरा हो चुका है जो एन आई कार्य के लिए तैयार है । मंडल (पी बी-12) से क्लीयरेंस हेतु प्रवर्तन प्रतीक्षित है ।
- 4 क्वाड केबल कुल 121 कि.मी. में बिछाया गया जिससे ब्लॉक वर्किंग व अन्य संचार में काफी सुधार हुआ है ।
- निर्माण संगठन अपने अथक प्रयासों से पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए तो कार्य कर ही रहा है साथ ही साथ अपने रद्दी अनुपयुक्त सामानों को रद्दी के रूप में बेचकर रेलवे के आंतरिक आमदनी को बढ़ाने में भी पीछे नहीं रहा है । निर्माण संगठन द्वारा स्क्रैप मेटेरियल का निष्पादन करके पिछले साल 9.6 करोड़ रूपये तथा इस साल (अभी तक) 4.9 करोड़ रूपये का आंतरिक राजस्व आमदनी भारतीय रेल को दे चुका है ।
- पंचग्राम एवं कटाखाल के बीच 3 पुलों वाली 3.15 लम्बी स्थायी पथांतरण को सी आर एस द्वारा दिनांक 30.07.2007 को स्वीकृति के पश्चात एमजी यातायात के लिए खोल दिया गया है।

## राजभाषा सप्ताह समारोह



हिन्दी दिवस के सुअवसर पर उपस्थित अधिकारीगण ।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण ने दिनांक 14-09-2007 को हिन्दी दिवस के सुअवसर पर्र दीप प्रज्वलित कर राजभाषा सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया । इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण श्री राधेश्याम ने समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी दिवस की महत्ता से अवगत कराया । इस अवसर पर अधिकारियों के लिए



राजभाषा सप्ताह में बच्चों के लिए आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता का एक दृश्य ।

राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने सहर्ष एवं सउत्साह भाग ले कर प्रतियोगिता को रोचक बना दिया । राजभाषा सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में राजभाषा अनुभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों यथा हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिन्दी कार्यशाला,हिन्दी निबंध, हिन्दी वाक्, बच्चों के लिए चित्रांकन एवं कविता पाठ के साथ ही



कवि सम्मेलन का एक दृश्य ।

कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ व हिन्दी अनुभाग के प्रोत्साहन से कार्यालय के नवोदित कवियों ने भाग लिया, जिनकी भाषा में नई-नई हिन्दी सीखने का स्पष्ट प्रभाव होते हुए भी कवित्व का रस परिलक्षित हुआ ।

## श्री ए.के. जैन, महाप्रबंधक/निर्माण की भाव-भीनी विदाई



विदाई समारोह में अधिकारियों के साथ श्री ए.के. जैन ।

पु.सी. रेल निर्माण संगठन के कर्मठ, कर्त्तव्यनिष्ठ, सुभाषिक तथा सुहृदयी व्यक्तित्व के धनी महाप्रबंधक, श्री ए. के. जैन को संगठन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिनांक 31-8-2007 को भाव-भीनी विदाई दी ।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



बैठक के दौरान तत्कालीन महाप्रबंधक/निर्माण के साथ अधिकारीगण ।

श्री ए. के. जैन महाप्रबन्धक/निर्माण की अध्यक्षता में निर्माण संगठन के सभाकक्ष में दिनांक 27-08-2007 को वर्ष की तीसरी क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार सम्बन्धी नीतिगत विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा के साथ ही प्रशिक्षण हेतु शेष कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर विशेष चर्चा की गई ।

## हिन्दी कंप्यूटर टाइपलेखन प्रशिक्षण की कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में प्रशिक्षणरत कर्मचारीगण ।

दिनांक 24-09-07 से 28-09-07 तक मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/नि./मालीगांव के कार्यालय में 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । उक्त कार्यशाला में 16 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । इस कार्यशाला में श्री अरूण कुमार चौहान , सहायक निदेशक ( टंकण ), हिन्दी शिक्षण योजना, गृह मंत्रालय , मालीगावं ने कर्मचारियों को कंप्यूटर में ए पी एस- 2000 साफटवेयर पर प्रशिक्षण दिया ।

# वर्ष 2007-08 की लक्ष्य निर्धारित परियोजनाओं की स्थिति

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆बारसोई-कटिहार (आमान परिवर्तन) | 100 % | अक्टूबर, 07 |
| ◆कटिहार-जोगबानी (आमान परिवर्तन) | 65% | मार्च, 08 |
| ◆अलीपुरद्वार-बामनहाट (आमान परिवर्तन) | 100 % | अक्टूबर, 07 |
| ◆मानु-अगरतला | 85 % | फेस-I मानु-अम्बासा<br>अम्बासा-अगरतला<br>मार्च, 08 |
| ◆सैनपुला-सिलघाट (आमान परिवर्तन) | 85 % | फरवरी, 08 |
| ◆मोरानहाट से डिब्रूगढ़ सावथ बैंक रेल लिंक | 80 % | मार्च, 08 |

## यातायात सुविधा

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆कटिहार यार्ड का पुनर्निर्माण | 80 % | दिसम्बर, 2007 |
| ◆कामाख्या स्टेशन में कोचिंग की सुविधा | 50 % | मार्च, 2008 |

## वर्कशॉप

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ न्यू बंगाईगांव में वर्कशॉप का आधुनिकीकरण | 40 % | मार्च, 08 |
| ◆ बंगाईगांव में सिक लाइन शेड | 100 % | जुलाई, 07 |
| ◆ न्यू गुवाहाटी डीजल शेड का विस्तार | 60 % | दिसम्बर, 08 |
| ◆ डिब्रूगढ़ कोच रिपेयर शॉप | 70 % | दिसम्बर, 07 |

# सिगनल एवं दूरसंचार निर्माण कार्य

| | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ◆ रंगिया मंडल में 10 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग | 2 स्टेशन | दिसम्बर, 2007 |
| ◆ लामडिंग-सिलचर सेक्शन में (i) 4 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग कार्य<br>(ii) 10 ब्लॉक सेक्शन में 4 क्वाड संचार प्रणाली | 1 स्टेशन<br>5 सेक्शन | फरवरी, 2008<br>फरवरी, 2008 |
| ◆ कामाख्या के इर्द-गिर्द 4 ब्लॉक सेक्शन में बी. पी. ए. सी. कार्य (पू.सी. रेल में प्रथम बार) | कार्य प्रगति पर | दिसम्बर, 2007 |
| ◆ तिनसुकिया मंडल में 4 स्टेशनों पर मल्टी एंट्री एक्सेल काउंटर (पू. सी. रेल में प्रथम बार) | कार्य प्रगति पर | फरवरी, 2008 |
| ◆ कटिहार-मालदा-गुवाहाटी के बीच मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार प्रणाली | गुवाहाटी-न्यू बंगाईगांव सेक्शन पर चालू | दिसम्बर, 2007 |
| ◆ कटिहार मंडल में रानीनगर-डल्कीबाड़ी व ओल्ड मालदा सिंहाबाद में 4 क्वाड संचार प्रणाली | समय से पूर्व ही पूर्ण | दिसम्बर, 2007 |
| ◆ कुमारघाट-अगरतला (109 कि.मी.) में ओ एफ सी 6 क्वाड संचार प्रणाली | कुमारघाट-मानु (20 कि.मी.) | दिसम्बर, 2007 |

## 2007-2008 का परिव्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| ◆ रेलवे बजट | = | 714.51 | करोड़ रूपये |
| ◆ राष्ट्रीय निधि | = | 0.00 | करोड़ रूपये* |
| ◆ निक्षेप कार्य (रक्षा मंत्रालय) | = | 12.66 | करोड़ रूपये |
| कुल | = | 727.17 | करोड़ रूपये |

*राष्ट्रीय निधि आवंटन अब तक प्राप्त नहीं हुआ ।

## चालू सर्वेक्षण

| क्रम सं | सर्वेक्षण का नाम | स्वीकृति वर्ष | राज्य | प्रगति | पूरा करने की लक्ष्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुंजारिया से गाजोल (120 कि.मी.) तक नई लाइन का आर ई टी एस द्वारा सर्वेक्षण | 2006-07 | पश्चिम बंगाल | 20 % | दिसम्बर, 2007 |
| 2 | सिवोक से रंगपो (30 कि.मी.) तक नई लाइन का आर ई टी एस द्वारा सर्वेक्षण | 2006-07 | पश्चिम बंगाल (29 कि.मी.)<br>सिक्किम(1कि.मी.) | 70 % | दिसम्बर, 2007 |
| 3 | महादेवपुर, नामशेई चेंगखाम(अ.प्र.) होकर रूपाई से परशुरामकुंड से गाजोल (50 कि.मी.) तक नई लाइन का आर ई टी एस द्वारा सर्वेक्षण | 2007-08 | असम तथा अरूणाचल प्रदेश | 05 % | जून, 2008 |
| 4 | सराईघाट पर दूसरी रेल पुल का आर ई टी एस द्वारा सर्वेक्षण | 2007-08 | असम | – | जून, 2008 |

[illegible] वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी/निर्माण द्वारा प्रकाशित. दूरभाष : 2572294, 23012, 98640-12934
मुद्रक : [illegible] मालीगांव, गुवाहाटी-781012, दूरभाष : 99641-01480, 94351-43284